**1 (Sem–3/FYUGP) HIN41MJ**

**2025**

# HINDI

( Major )

Paper : HIN4300104 MJ

***( Hindi Sahitya Ka Itihas )***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

   (क) चंद बरदाई किस दिल्ली-नरेश के राजकवि थे?

   (ख) नाथ साहित्य के आरम्भकर्त्ता किसे माना जाता है?

   (ग) कबीरदास के गुरु का नाम क्या था?

   (घ) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने किस काव्य को प्रेमाख्यान-परम्परा की प्रथम कृति माना है?

(ङ) 'कवित्त रत्नाकर' के रचयिता कौन हैं?

(च) 'बिहारी सतसई' के सर्वप्रथम काव्यात्मक टीकाकार का नाम लिखिए।

(छ) भारतेन्दु हरिश्चंद्र को किसने 'भारतेंदु' की उपाधि से सम्मानित किया था?

(ज) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के कवि कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और डॉ. रामकुमार वर्मा ने 'आदिकाल' के लिए क्या-क्या अलग-अलग नाम सुझाया है?

(ख) मुनि जिनविजय ने किस ग्रंथ को जैन-साहित्य की रास परम्परा का प्रथम ग्रंथ स्वीकारा है? इसकी रचयिता का नाम लिखिए।

(ग) मत्स्येन्द्रनाथ के परिचय दीजिए।

(घ) रामकाव्य और कृष्णकाव्य में निहित *किन्हीं दो* अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) तुलसीदास की *किन्हीं दो* काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।



(च) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कब से कब तक हिन्दी साहित्य का 'भक्तिकाल' माना है?

(छ) 'रीति' शब्द का तात्पर्य लिखिए।

(ज) बिहारी द्वारा रचित ग्रंथ का नाम लिखिए। यह किस भाषा में लिखी गई है ?

(झ) आर्यसमाज की स्थापना किसने और किस ईस्वी सन् में की थी?

(ञ) 'अज्ञेय' द्वारा सम्पादित *किन्हीं दो* काव्य संकलनों का नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकाल का सीमांकन कीजिए।

(ख) सिद्ध साहित्य पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ग) मलिक मुहम्मद 'जायसी' की साहित्यिक देन का उल्लेख कीजिए।

(घ) सूरदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) रीतिकालीन सांस्कृतिक परिस्थिति पर विचार कीजिए।

(च) रीतिमुक्त काव्य से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(छ) द्विवेदीयुगीन काव्यधारा की *किन्हीं दो* साहित्यिक प्रवृत्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ज) कवि के रूप में जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक उत्तर दीजिए : $10 \times 2 = 20$

(क) आदिकालीन राजनीतिक एवं धार्मिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) संत-काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ग) रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर विचार कीजिए।

(घ) प्रगतिवादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को सोदाहरण रेखांकित कीजिए।

(ङ) स्वतंत्रता के बादके खड़ीबोली-गद्य के विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।